# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

**दिनांक–25 मार्च 2024** **7:20 AM**

- भाजपा, बसपा और कांग्रेस सपा इंडिया गठबंधन ने प्रदेश की विभिन्न लोकसभा सीटों के प्रत्याशियों के के नामों का किया एलान
- हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है होली का त्योहार, अयोध्या में पहली बार रामलला मंदिर में होगा रंगोत्सव का आयोजन
- प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध जारी रखेगी केंद्र सरकार
- अलग अलग हादसों में चार बच्चों समेत आठ लोगों की मौत

**********

भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश की तेरह, बहुजन समाज पार्टी ने सोलह और कांग्रेस सपा इंडिया गठबंधन ने नौ संसदीय प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है।

भाजपा ने सहारनपुर से राघव लखनपाल, मुरादाबाद से सर्वेश सिंह, भगवान राम का किरदार निभा चुके अभिनेता अरुण गोविल को मेरठ से, गाजियाबाद से अतुल गर्ग, अलीगढ़ से सतीश गौतम, हाथरस से अनूप वाल्मीकि, बदायूं से दुर्विजय सिंह शाक्य, बरेली से छत्रपाल सिंह गंगवार, पीलीभीत से यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद, सुल्तानपुर से पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी, कानपुर से रमेश अवस्थी, बाराबंकी सुरक्षित सीट से राजरानी रावत और बहराइच सुरक्षित सीट से डॉ अरविंद गोंड को लोकसभा चुनाव के लिए अपना प्रत्याशी घोषित किया है। भाजपा ने इस बार पीलीभीत से मौजूदा सांसद वरुण फिरोज गांधी और बदायूं की मौजूदा सांसद डॉ संघमित्रा मौर्या को प्रत्याशी नहीं बनाया है। अलीगढ़ से दो बार सांसद रहे सतीश गौतम को तीसरी बार भी टिकट दिया गया है।

इस बीच, कानपुर नगर लोकसभा सीट से भाजपा सांसद सत्यदेव पचौरी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र लिख कर टिकट न देने का अनुरोध किया है ।

बहुजन समाज पार्टी ने सहारनपुर सीट से माजिद अली को टिकट दिया है, जबकि कैराना से श्रीपाल सिंह, मुजफ्फरनगर से दारा सिंह प्रजापति, बिजनौर से विजेन्द्र सिंह, नगीना से सुरेन्द्र पाल सिंह, मुरादाबाद से मोहम्मद इरफान सैफी, रामपुर से जीशान खान, सम्भल से सौलत अली व अमरोहा से मुजाहिद हुसैन प्रत्याशी बनाये गये हैं।

बसपा द्वारा मेरठ से देवव्रत त्यागी, बागपत से प्रवीण बंसल, गौतमबुद्धनगर से राजेन्द्र सिंह सोलंकी, बुलंदशहर से गिरीश चन्द्र जाटव, आंवला से आबिद अली, पीलीभीत से अनीस अहमद खान 'फूलबाबू' और शांहजहांपुर से दोदराम वर्मा को टिकट दिया गया है। बहुजन समाज पार्टी ने इस बार लोकसभा चुनाव में किसी भी दल से गठबंधन नहीं किया है, जबकि पिछले चुनाव में उसने समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था और उसे दस सीटों पर जीत मिली थी।

उधर, कांग्रेस पार्टी भी कांग्रेस सपा इंडिया गठबंधन के तहत परसों रात नौ सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर चुकी है। पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को वाराणसी सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। श्री राय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ तीसरी बार चुनाव मैदान में होंगे।

वहीं कुंवर दानिश अली को अमरोहा सीट से चुनाव मैदान में उतारा गया है, जबकि सहारनपुर से इमरान मसूद, कानपुर से आलोक मिश्र, झांसी से पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन, फतेहपुर सीकरी से रामनाथ सिकरवार और देवरिया से अखिलेश प्रताप सिंह को प्रत्याशी बनाया गया है।

बाराबंकी सुरक्षित सीट से तनुज पुनिया और बांसगांव सुरक्षित सीट से पूर्व मंत्री सदल प्रसाद को टिकट दिया गया है। प्रदेश में समाजवादी पार्टी के साथ कांग्रेस का गठबंधन है और उसके कोटे में कुल 17 सीटें आई हैं। इस सूची में भी अमेठी और रायबरेली से प्रत्याशी की घोषणा नहीं की गई है।

**********

होली का पर्व आज हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जा रहा है। लोग रंग और गुलाल खेल कर एक दूसरे को होली पर्व की बधाई दे रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कल होली की पूर्व संध्या पर लोगों को शुभकामनाएं दीं।

रामनगरी अयोध्या में नवनिर्मित रामलला मंदिर में पहली बार रंगोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। अयोध्या से हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट–

**अयोध्या में इस बार होली का अलग ही नजारा है,500 वर्षों के संघर्ष के बाद निर्मित राम मंदिर और भगवान राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का उमंग और उत्साह अयोध्या में हिलोरें ले रहा है,नवनिर्मित रामलला मंदिर में पहली बार संपन्न हो रहे होली पर्व को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अविस्मरणीय बनाने में किसी भी प्रकार का कोई कोर कसर नहीं रखा,भोर में ही श्रृंगार करके रामलला को गुलाल का स्पर्श कराया गया और 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाकर श्रद्धालुओं में वितरित किया गया,तो संपूर्ण वातावरण होली की उमंग में डूब गया और फिर भक्त,संत और रामलला के बीच होली खेली गई,तन्मय सोनी,आकाशवाणी समाचार,अयोध्या।**

उधर, ब्रज क्षेत्र में होली का उल्लास चरम पर है। मथुरा जिले के सभी प्रमुख मंदिरों में देश विदेश से आए श्रद्धालु होली खेल रहे हैं।

**मथुरा समूचे ब्रजमंडल में होली की धूम है यहां के प्रमुख मंदिर मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि,द्वारिकाधीश मंदिर,वृन्दाबन के विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांकेबिहारीजी मंदिर, इस्कॉन मंदिर,प्रियकांतजू मंदिर,बरसाना की राधारानीजी मंदिर,नंदगांव में नंदबाबा जी के मंदिर,गोवेर्धन गिरिराज जी मंदिर,बल्देव गोकुल सहित प्रमुख मंदिरों में देश–विदेश से आये श्रद्वालु अपने–अपने ठाकुरजी को साक्षी मानते हुए होली खेल रहे है। यहां मुख्यरूप से वृन्दाबन के अक्षयपात्र में राधकृष्ण मंदिर में भक्तों के साथ बड़ी संख्या में विदेशी श्रद्धालु होली खेल रहे है। एक–दुसरे को अबीर–गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाये दे रहे है। बृज में चहुओर होली का आनंद रस बरस रहा है और लोग टोलिया बनाकर डोल –नगाड़े मजीरे बजाते होली के गीत आज बृज में होली रे रसिया पंजोरी रे रसिया के गीत गाकर एक दूसरे के घर– घर जाकर अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाये दे रहे है। समूचा बृजमण्डल से मुहम्मद उमर कुरैशी आकाशवाणी समाचार मथुरा**

इस बीच, कल रात में प्रदेश के अलग अलग जिलों में होलिका दहन किया गया । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल गोरखपुर शहर के पांडेयहाता में होलिका दहन शोभायात्रा में शामिल हुए। उन्होंने भक्त प्रह्लाद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनकी आरती भी उतारी। मुख्यमंत्री ने मौजूद लोगों के साथ फूलों की होली खेली । मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि होलिका दहन बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक है । कल प्रदेश के कई अन्य जिलों में भी होली पर विभिन्न परम्परागत आयोजन हुए।

पर्व को देखते हुए पूरे प्रदेश में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं । स्वास्थ्य महकमा भी अलर्ट है और निर्बाध बिजली और पानी सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी इंतजाम किये जा चुके हैं।

**********

केंद्र सरकार ने प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध अगले आदेश तक बढ़ा दिया है। घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और प्याज की कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए यह फैसला लिया गया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय–डीजीएफटी ने एक अधिसूचना में कहा कि प्याज के निर्यात पर इकतीस मार्च दो हजार चौबीस तक रोक लगाई गई थी और अब इसे अगले आदेश तक बढ़ाया जा रहा है। पिछले साल दिसंबर में सरकार ने प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था, हालाँकि प्रत्येकि मामले के आधार पर मित्र देशों को प्याज के निर्यात की अनुमति दी गई है।

**********

प्रदेश में बीते छत्तीस घंटों के दौरान हुए दो अलग–अलग हादसों में चार बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई और ग्यारह अन्य घायल हो गये। मेरठ के पल्लवपुरम थाना क्षेत्र में एक घर में शार्ट सर्किट होने से आग लग गई जिसमें चार बच्चों की मौत हो गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित कुमार ने बताया कि बच्चों की मां की हालत गंभीर है जिसे उपचार के लिए दिल्ली भेज दिया गया।

उधर, रामपुर जिले में परसों देर रात हुई सड़क दुर्घटना में तीन महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई और ग्यारह अन्य घायल हो गये।

**********